# भारत का भूगोल

## (Oneliner Questions)

RAJ STUDENTS
CENTER FOR COMPETITION

Published by : **rajstudents.com**

**Website : www.rajstudents.com**
**Price :** 30/-
**Year :** 2025
**Edition :** 1st

**Copyright**© rajstudents.com

**All rights Reserved.**
No part of this publication may be reproduced, transmitted or stored in a retrieval system, in any form or by any means, electronic, mechanical, photocopying recording or otherwise, without the prior permission of the writer.

# प्रस्तावना

प्रस्तुत ई–बुक '**भारत का भूगोल**' विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में पूछे गए प्रश्नों के आधार पर तैयार की गयी है। इसमें तथ्यों का संकलन एन.सी.ई.आर.टी. के नवीनतम पाठ्यक्रम पर आधारित है। इसमें प्रतियोगी परीक्षाओं में आने वाले अधिक से अधिक संभावित प्रश्नों का समावेश किया गया है और **प्रत्येक प्रश्न एक लाईन वाले** हैं जिन्हें याद करने में विद्यार्थियों/परीक्षार्थियों को बहुत आसानी रहेगी।

प्रस्तुत ई–बुक को उपयोगी बनाने में जिन विशेषज्ञों तथा सहकर्मियों का हमें सहयोग मिला, उनके प्रति हम कृतज्ञता प्रकट करते हैं।

अन्ततः सतर्क प्रयासों के बावजूद पुस्तक में कुछ कमियों तथा त्रुटियों के रहने की संभावना हो सकती है। अतः आप सुधी पाठकों का सुझाव सादर आमंत्रित है।

RAJ STUDENTS
CENTER FOR COMPETITION

| क्र.सं. | विषय विवरण | पृ.सं. |
|---|---|---|
| | महत्वपूर्ण प्रश्नों का सार–संग्रह | 5 |
| 1 | | |
| 2 | | |
| 3 | | |
| 4 | | |
| 5 | | |
| 6 | | |
| 7 | | |
| 8 | | |
| 9 | | |
| 10 | | |
| 11 | | |
| 12 | | |
| 13 | | |
| 14 | | |
| 15 | | |
| 16 | | |
| 17 | | |


RAJ STUDENTS
CENTER FOR COMPETITION

## महत्वपूर्ण प्रश्नों का सार–संग्रह

1. बंगाल का शोक किस नदी को कहा जाता है ?
– दामोदर नदी को
2. सलाल विद्युत परियोजना किस नदी पर स्थित है ?
– चिनाब नदी पर
3. तुंगभद्रा नदी किसकी सहायक नदी है ?
– कृष्णा नदी की
4. विन्ध्य और सतपुड़ा पहाड़ियों के बीच कौनसी नदी प्रवाहित होती है ?
– नर्मदा नदी
5. भारत का प्रथम परमाणु संयंत्र कहाँ स्थापित किया गया है ?
– तारापुर (महाराष्ट्र)
6. भारत के प्रथम राष्ट्रीय उद्यान का नाम क्या है ?
– कार्बेट नेशनल पार्क, नैनीताल (उत्तरांचल) में
7. ब्रह्मपुत्र नदी का उद्गम स्थान कहाँ है ?
– कैलाश पर्वत शृंखला (तिब्बत) के समीप मानसरोवर झील से
8. ब्रह्मपुत्र नदी किन–किन देशों में होकर बहती है ?
– तिब्बत (चीन), भारत और बांग्लादेष में बहती हुई अन्त में बंगाल की खाड़ी में
9. भारत में सर्वप्रथम कोयला कहाँ निकाला गया था ?
– रानीगंज क्षेत्र (पश्चिमी बंगाल) में, 1814 ई. में
10. भारत में नीग्रिटो प्रजाति के लोग कहाँ पाए जाते हैं ?
– अण्डमान निकोबार द्वीप समूह में
11. झेलम नदी का उद्गम स्थान कहाँ है ?
– बेरीनाग (कश्मीर) में
12. भारत का कौनसा क्षेत्र 'भारत का चावल का कटोरा' कहलाता है ?
– कृष्णा–गोदावरी डेल्टा क्षेत्र
13. अजन्ता, एलोरा तथा एलीफेंटा की गुफाएँ किस राज्य में स्थित है ?
– महाराष्ट्र में
14. भारत में पूर्व से पष्चिम की ओर बहने वाली दो प्रमुख नदियों के नाम बताइए–
– नर्मदा और ताप्ती
15. पठारी भाग की लावा मिट्टी किस फसल के लिए सर्वाधिक उपयुक्त है ?
– कपास की फसल
16. कौनसी नदी अपने प्रवाह पथ के एक भाग में साँपो कहलाती है ?
– ब्रह्मपुत्र नदी
17. छोटा नागपुर पठार की सबसे ऊँची चोटी कौनसी है ?
– पारसनाथ (झारखण्ड)
18. नासिक किस नदी के तट पर स्थित है ?
– गोदावरी नदी के तट पर
19. 'दक्षिण गंगोत्री' क्या है ?
– अण्टार्कटिका में स्थापित भारत का वैज्ञानिक अनुसंधान का स्थायी केन्द्र
20. पालघाट दर्रा किन–किनके मध्य पड़ता है ?
– नीलगिरि और कोरोमण्डल के मध्य
21. नर्मदा एवं ताप्ती नदी बिना डेल्टा बनाए कहाँ गिरती है ?
– गुजरात के अरब सागर की खम्भात की खाड़ी (पूर्व नाम कैम्बे की खाड़ी) में
22. तमिलनाडु के तटीय भागों में सर्दियों में वर्षा किससे होती है ?
– उत्तरी–पूर्वी मानसून पवनों से
23. भारत की सबसे लम्बी सुरंग जवाहर सुरंग किस राज्य में है ?
– जम्मू कष्मीर में
24. उकाई परियोजना कहाँ स्थित है ?
– गुजरात राज्य में ताप्ती नदी पर
25. वह कौनसा राज्य है जो तीन समुद्रों की सीमाओं को स्पर्ष करता है ?
– तमिलनाडु
26. भारत का सबसे ऊँचा जलप्रपात 'जोग प्रपात' किस नदी पर स्थित है ?
– शरवती नदी (कर्नाटक)
27. चन्दन के वृक्ष सबसे अधिक संख्या में भारत के किस राज्य में पाए जाते हैं ?
– कर्नाटक
28. सिन्धु नदी की सबसे बड़ी सहायक नदी कौनसी है ?
– सतलज नदी
29. महेष्वर का 'सहस्रधारा जलप्रपात' किस नदी पर है ?
– नर्मदा नदी पर
30. भारतीय मानक समय किस देषान्तर पर आधारित है ?
– 82°30' पूर्वी देशान्तर
31. भारत की सर्वोच्च पर्वत चोटी कौनसी है ?
– $K_2$ गाडविन ऑस्टिन (ऊँचाई 8611 मीटर)
32. नागार्जुन सागर बाँध किस नदी पर स्थित है ?
– कृष्णा नदी पर
33. भारत का प्राचीनतम पर्वत कौनसा है ?
– अरावली
34. सात परतों वाला पहाड़ किसे कहा जाता है ?
– सतपुड़ा को
35. रेगुर क्या है ?
– काली मिट्टी
36. काजीरंगा पशु अभयारण्य किस राज्य में है ?
– असम में
37. पाल घाट दर्रा किन दो राज्यों के बीच स्थित है ?
– केरल और तमिलनाडु के बीच
38. अजन्ता की गुफाएं किस राज्य में स्थित है ?
– महाराष्ट्र (जिला–औरंगाबाद) में
39. भारत की मुख्य खाद्य फसल कौनसी है ?
– चावल
40. सुन्दरवन का डेल्टा कौनसी नदी बनाता है ?
– हुगली नदी
41. पेडोलॉजी में किसका अध्ययन किया जाता है ?
– मृदा की संचना एवं प्रकार

RAJ STUDENTS CENTER FOR COMPETITION

42. सबसे अधिक मैंग्रोव वनस्पति भारत में कहाँ पाई जाती है ?
— सुन्दर वन में
43. अरावली पर्वत की सबसे ऊँची चोटी कौनसी है ?
— गुरुशिखर (माउण्ट आबू जिला—सिरोही)
44. भारत और चीन के बीच सीमा निर्धारित करने वाली सीमा रेखा क्या कहलाती है ?
— मैकमोहन रेखा
45. कोरिंगा की खाड़ी किस नदी के डेल्टा से सम्बन्धित है ?
— गोदावरी नदी के
46. सेन्ट्रल बिल्डिंग रिसर्च इंस्टीट्यूट कहाँ स्थित है ?
— रूड़की (उत्तराखण्ड)
47. सेन्ट्रल माइनिंग रिसर्च इंस्टीट्यूट कहाँ स्थित है ?
— धनबाद (झारखण्ड)
48. जवाहर सुरंग का निर्माण किस पर्वत श्रेणी में किया गया ?
— पीर पंजाल पर्वत श्रेणी में
49. केन्द्रीय खान नियोजन एवं अभिकल्पन संस्थान लि. किस शहर में स्थित है ?
— राउरकेला (ओड़िषा)
50. रावी, चिनाब, झेलम तथा व्यास नदियों में से कौनसी नदी अपने उद्गम से अन्त तक केवल भारत में ही प्रवाहित होती है ?
— व्यास
51. दुलहस्ती विद्युत परियोजना में भारत का सहयोगी राष्ट्र कौनसा है ?
— फ्रांस
52. 'नखलिस्तान' क्या होता है ?
— रेगिस्तान का हरा—भरा भाग
53. शारदा नदी में रामगंगा नदी के मिलने के बाद इसका क्या नाम हो जाता है ?
— सरयू नदी
54. भारत में सर्वाधिक विद्युत किस स्रोत से प्राप्त होती है ?
— तापीय स्रोत से
55. भारत की प्रथम बहुउद्देष्यीय योजना का विकास किस नदी पर किया गया ?
— दामोदर नदी पर
56. भारत में कोयला प्रचुर मात्रा में किस क्षेत्र में पाया जाता है ?
— गोंडवाना क्षेत्र में
57. क्षेत्रफल की दृष्टि से विश्व में भारत का कौनसा स्थान है ?
— सातवाँ (32 लाख, 87 हजार, 263 वर्ग किमी.)
58. चम्बल किसकी सहायक नदी है ?
— यमुना नदी की
59. भारत का सर्वाधिक पटसन उत्पादक राज्य कौनसा है ?
— पश्चिम बंगाल
60. पारादीप बन्दरगाह किस राज्य में है ?
— उड़ीसा में
61. पद्मा और गंगा नदियों के संगम के बाद इन दोनों की संयुक्त जलधारा को किस नाम से जाना जाता है ?
— मेघना नदी
62. भारत में केसर का सर्वाधिक उत्पादन किस राज्य में होता है ?
— जम्मू—कष्मीर में
63. पोंग बाँध किस नदी पर बना है ?
— व्यास नदी पर
64. क्षारीय मृदा में सुधार के लिए सर्वाधिक उपयुक्त रसायन कौनसा है ?
— जिप्सम
65. नागार्जुन सागर बाँध किस नदी पर है ?
— कृष्णा नदी पर
66. उत्तराखण्ड राज्य में स्थित तीर्थस्थान बद्रीनाथ किस नदी के किनारे स्थित है ?
— अलकनंदा नदी के
67. किस पर्वतमाला को सह्याद्रि के नाम से भी जाना जाता है ?
— पष्चिमी घाट
68. चम्बल, बेतवा और केन किसकी सहायक नदियाँ हैं ?
— चम्बल नदी की
69. एरिड फोरेस्ट रिसर्च इन्स्टीट्यूट कहाँ स्थित है ?
— जोधपुर में
70. बक्रेश्वर ताप विद्युत केन्द्र किस राज्य में स्थित है ?
— पश्चिमी बंगाल में
71. सन् 1981 में स्थापित भारतीय वन सर्वेक्षण विभाग का मुख्यालय कहाँ है ?
— देहरादून (उत्तराखण्ड)
72. चिनाब नदी का उद्गम स्थल कहाँ है ?
— बारालाचा दर्रे के निकट से
73. जवाहर सागर, राणाप्रताप सागर और गांधी सागर जलाषयों का निर्माण किस नदी पर किया गया है ?
— चम्बल नदी पर
74. भारत की सर्वाधिक गहरी खान कौनसी है ?
— कोलार की खान
75. हीराकुंड परियोजना किस राज्य में तथा किस नदी पर स्थित है ?
— उड़ीसा में, महानदी पर
76. तुंगभद्रा तथा भीमा नदियाँ किस नदी की सहायक नदियाँ है ?
— कृष्णा नदी की
77. लोहा किस प्रकार की चट्टानों में पाया जाता है ?
— आग्नेय चट्टानों में
78. भारत की सबसे बड़ी नहर परियोजना कौनसी है ?
— इन्दिरा गाँधी नहर परियोजना
79. भाखड़ा नांगल परियोजना में मानव निर्मित झील को किस नाम से जाना जाता है ?
— गोविन्द सागर
80. भारत का सर्वाधिक नगरीकृत राज्य कौनसा है ?
— महाराष्ट्र

RAJ STUDENTS CENTER FOR COMPETITION

81. जोजिला दर्रा किन–किनको जोड़ता है ?
– लेह और श्रीनगर को

82. 'भैंसा सिंगी' नामक जनजाति भारत के किस राज्य में पाई जाती है ?
– नागालैण्ड में

83. भारत में प्रथम जलविद्युत शक्ति केन्द्र की स्थापना कब तथा कहाँ पर की गई ?
– 1902 में, षिवसमुद्रम (कर्नाटक) में

84. मचकुण्ड जलविद्युत परियोजना किन राज्यों का संयुक्त उपक्रम है ?
– उड़ीसा और आन्ध्र प्रदेश का

85. राजस्थान की गंग नहर को पानी किस नदी से प्राप्त होता है ?
– सतलज नदी से

86. वन विज्ञान एवं तकनीकी संस्थान (इन्स्टीट्यूट ऑफ वुड साइंस एण्ड टेक्नोलॉजी) कहाँ स्थित है ?
– बंगलौर

87. किशनगंगा किस नदी की सहायक नदी है ?
– झेलम नदी की

88. वेम्बानाद झील किस राज्य में है ?
– केरल में

89. तम्बाकू का सर्वाधिक उत्पादन भारत के किस राज्य में होता है ?
– आन्ध्र प्रदेश में

90. भारत का द्वीपों सहित समुद्री सीमा की कुल लम्बाई कितनी है ?
– 7516.5 किमी.

91. भारत के पश्चिमी तटीय मैदान का दक्षिणी भाग क्या कहलाता है ?
– मालाबार तट

92. भारत की दण्डकारण्य परियोजना किस राज्य में है ?
– आन्ध्र प्रदेश में

93. भारत का एकमात्र सक्रिय ज्वालामुखी किस द्वीप में स्थित है ?
– बैरन द्वीप

94. सेरीकल्चर किसके उत्पादन से सम्बन्धित है ?
– रेशम

95. 'न्यूमूर द्वीप' कहाँ स्थित है ?
– बंगाल की खाड़ी में

96. भारत का केन्द्रीय तम्बाकू शोध संस्थान कहाँ स्थित है ?
– राजमुन्दरी (आन्ध्र प्रदेश) में

97. मुथुवान, मालकुरवान एवं सुमाली जनजाति किस राज्य में पाई जाती है ?
– केरल में

98. पश्चिमी घाट के दर्रे–थाल घाट, भोर घाट एवं पाल घाट में से किस दर्रे की ऊँचाई सबसे सर्वाधिक है ?
– थाल घाट (580 मीटर)

99. बांगर और खादर किस मिट्टी के प्रकार है ?
– जलोढ़ मिट्टी (Alluvial soil)

100. हरित क्रान्ति का सर्वाधिक प्रभाव किस फसल पर पड़ा ?
– गेहूँ

101. भारत में हरित क्रान्ति लाने का श्रेय किसे है ?
– डॉ. एम.एस. स्वामीनाथन

102. केन्द्रीय पर्यावरण अभियंत्रण संस्थान कहाँ स्थित है ?
– नागपुर (महाराष्ट्र)

103. केसर का सबसे अधिक उत्पादन किस राज्य में होता है ?
– जम्मू–कष्मीर में

104. कश्मीर घाटी किन दो पर्वत श्रेणियों के बीच स्थित है ?
– पीरपंजाल एवं जास्कर पर्वत श्रेणियों के बीच

105. देव प्रयाग (उत्तराखण्ड) किन नदियों के संगम पर स्थित है ?
– भागीरथी तथा अलकनन्दा नदी के संगम पर

106. तवा नदी किसकी सहायक नदी है ?
– नर्मदा नदी की

107. पेनगंगा किसकी सहायक नदी है ?
– गोदावरी नदी की

108. भारतीय मानक समय किस स्थान के स्थानीय समय को दर्षाता है ?
– इलाहाबाद (82.5° पूर्वी देशान्तर)

109. टोडा जनजाति कहाँ पाई जाती है ?
– नीलगिरि की पहाड़ियों में

110. लक्षद्वीप किस प्रकार का द्वीप है ?
– कोरल निर्मित प्रवाल द्वीप

111. बोकारो तथा भिलाई स्थित लौह–इस्पात कारखाने किस देश के सहयोग से स्थापित किए गए थे ?
– पूर्व सोवियत संघ के

112. भारत में चन्दन के वन सर्वाधिक किस राज्य में है ?
– कर्नाटक में

113. भारत का कौनसा स्थान भूमध्यरेखा के निकटतम स्थित है ?
– इन्दिरा पॉइण्ट

114. कावेरी नदी किन राज्यों में होकर बहती है ?
– केरल, कर्नाटक और तमिलनाडु में होकर

115. भारत के पूर्वी तट को किन दो भागों में बाँटा जाता है ?
– काकीनाडा तट (उत्तरी भाग) तथा कोरोमण्डल तट (दक्षिणी भाग)

116. भारत के किस नगर को 'स्पेस सिटी' के नाम से भी जानते हैं ?
– बंगलौर

117. विदर्भ किस राज्य के एक भाग का नाम रहा है ?
– महाराष्ट्र

118. देष के सर्वप्रथम सौर तालाब का विकास किस स्थान पर किया गया ?
– कच्छ (गुजरात)

119. भाखड़ा–नांगल परियोजना में मानव निर्मित झील को किस नाम से जाना जाता है ?
– गोविन्द सागर झील

RAJ STUDENTS CENTER FOR COMPETITION

120. टोडा जनजाति किस राज्य में पाई जाती है ?
– तमिलनाडु में
121. सिनिओलचू पर्वत षिखर किस राज्य में है ?
– सिक्किम में
122. पनियान व इरूला जनजातियाँ किस राज्य में निवास करती है ?
– केरल में
123. पेरियार नहर किस राज्य में स्थित है ?
– तमिलनाडु में
124. भारत में लिग्नाइट कोयले का सर्वाधिक उत्पादन किस राज्य में होता है ?
– तमिलानाडु
125. नीलगिरि पहाड़ी में किन–किन पहाड़ी श्रेणियों का मिलन होता है ?
– पष्चिमी घाट तथा पूर्वी घाट पर्वत श्रेणियों का
126. हैदराबाद और सिकंदराबाद के बीच कौनसी झील स्थित है ?
– हुसैन सागर झील
127. श्रीसैलम विद्युत परियोजना किस नदी पर स्थित है ?
– कृष्णा नदी पर
128. नदियों के प्रदूषण की माप किस गैस की घुली हुई मात्रा से की जाती है ?
– ऑक्सीजन की घुली हुई मात्रा से
129. भारत में दक्षिण–पश्चिम मानसून का समय सामान्यत: कब से कब तक होता है ?
– जून से सितम्बर तक
130. पारसनाथ किस पठार की सबसे ऊँची चोटी है ?
– छोटा नागपुर पठार की
131. भारत के मानसून का वर्णन करने वाला पहला अरब विद्वान कौन था ?
– अलमसूदी
132. भारत की मोपला जनजाति कहाँ पाई जाती है ?
– केरल राज्य में
133. भारत का पश्चिमी तटीय मैदान क्या कहलाता है ?
– मालाबार तट
134. दक्षिण भारत में प्रवाहित होने वाली किस नदी का थाला सबसे बड़ा है ?
– गोदावरी नदी का
135. कुनैन किस वृक्ष से प्राप्त की जाती है ?
– सिनकोना से
136. कोचीन का जुड़वा नगर कौनसा है ?
– एर्नाकुलम
137. सिन्धु नदी की सबसे बड़ी सहायक नदी कौनसी है ?
– सतलज
138. काजीरंगा पशु अभयारण्य किस राज्य में है ?
– असम में
139. जायकवाड़ी परियोजना किस नदी पर है ?
– गोदावरी नदी पर
140. भारत में पहला ऊनी कपड़े का कारखाना सन् 1876 में 'लाल इमली' के नाम से कहाँ खोला गया ?
– कानपुर में
141. राजस्थान में स्थित मरूस्थल किस नाम से जाना जाता है ?
– थार का मरूस्थल
142. जस्ता के लिए प्रसिद्ध जावर खान किस राज्य में स्थित है ?
– राजस्थान में
143. भारत कितने अक्षांशों के मध्य स्थित है ?
– 8°4' उत्तरी अक्षांश से 37°6' उत्तरी अक्षांश तक
144. भारत कितने देशान्तरों के मध्य स्थित है ?
– 68°7' पूर्वी देशान्तर से 97°25' पूर्वी देशान्तर
145. रामेश्वरम् किस राज्य में स्थित है ?
– तमिलनाडु में
146. भारत में जिब्राल्टर रॉक कहाँ स्थित है ?
– हैदराबाद और सिकंदराबाद के बीच स्थित हुसैन सागर झील में
147. कुन्द्रेमुख लौह इस्पात परियोजना किस राज्य से सम्बन्धित है ?
– कर्नाटक राज्य में
148. नीलगिरि की सबसे ऊँची चोटी कौनसी है ?
– डोडा बेट्टा
149. पुलीकट एक वलयाकार लैगून झील है. इसे समुद्र से अलग करने वाले द्वीप का क्या नाम है ?
– श्रीहरिकोटा
150. गंगा–ब्रह्मपुत्र डेल्टा के ज्वारीय वनों को क्या कहा जाता है ?
– सुन्दरवन
151. सेवराय पहाड़ी किन दो नदियों के बीच स्थित है ?
– कावेरी और पेन्नार के बीच
152. हिमाचल प्रदेष में चिनाब नदी किस नाम से जानी जाती है ?
– चन्द्रभागा नदी
153. चम्बल नदी का बीहड़ क्षेत्र किस पठार में स्थित है ?
– मालवा का पठार
154. कार्बेट राष्ट्रीय उद्यान किस राज्य में है ?
– उत्तराखण्ड
155. मत्स्य उत्पादन की दृष्टि से भारत का कौनसा तट अधिक महत्वपूर्ण है ?
– पष्चिमी तट
156. ग्रेनाइट की गणना किस प्रकार की चट्टानों में की जाती है ?
– प्लूटोनिक चट्टानों में
157. इन्द्रावती किस नदी की सहायक नदी है ?
– गोदावरी नदी की
158. भारत के किस नम्बर के राष्ट्रीय मुख्य राजमार्ग को 'ग्रांड ट्रंक रोड़' कहा जाता है ?
– राष्ट्रीय राजमार्ग नं. 2 (छभ् 2)
159. भारत प्रधान याम्योत्तर के किस ओर पड़ता है ?
– पूर्व दिषा में
160. लोगों के पहाड़ों से मैदानी इलाकों में अथवा इसके विपरीत मौसमी गमनामगन को क्या कहते हैं ?
– ऋतु प्रवास
161. दामोदर नदी किस नदी में गिरती है ?
– हुगली नदी में

RAJ STUDENTS CENTER FOR COMPETITION

162. खासी और गारो जातियाँ मुख्यतः भारत के किस राज्य में पाई जाती है ?
– मेघालय में
163. दामोदर घाटी परियोजना का विस्तार किन–किन राज्यों में है ?
– झारखण्ड तथा पष्चिमी बंगाल में
164. किस पर्वतमाला को सह्याद्रि के नाम से जाना जाता है ?
– पष्चिमी घाट को
165. गुजरात में ताप्ती नदी पर कौनसी परियोजना स्थित है ?
– काकड़ापार परियोजना
166. श्रीनगर किस नदी के तट पर स्थित है ?
– झेलम नदी के तट पर
167. किस नदी को 'गुजरात की जीवन रेखा' कहा जाता है ?
– नर्मदा नदी को
168. कष्मीर की वूलर झील किस प्रकार की झील का उदाहरण है ?
– विवर्तनिक झील का
169. वूलर झील में किस नदी का मुहाना स्थित है ?
– झेलम नदी का
170. बोकारो का तापीय बिजलीघर किस राज्य में स्थित है ?
– झारखण्ड में
171. झेलम नदी का उद्गम स्थल कहाँ है ?
– बेरीनाम (कश्मीर) के समीप शेषनाग झील से
172. षिवमुद्रम जल प्रपात किस नदी पर है ?
– कावेरी नदी पर
173. कौनसा राज्य 'भारत का मसाला उद्यान' कहा जाता है ?
– केरल
174. रेगुर मिट्टी की प्राप्ति किससे होती है ?
– ज्वालामुखी के लावा स
175. दादर और नागर हवेली भारत में शामिल होने से पूर्व किसके उपनिवेष थे ?
– पुर्तगाल के`
176. शिवालिक के पर्वतपाद में नदियों द्वारा लाए गए कंकड़ एवं पत्थर से निर्मित मैदान को भारत में किस नाम से जाना जाता है ?
– भाबर
177. दिहांग और लोहित नदियाँ किसकी सहायक नदियाँ है ?
– ब्रह्मपुत्र नदी
178. राजघाट बाँध (उत्तर प्रदेश) किस नदी पर स्थित है ?
– बेतवा नदी पर
179. राष्ट्रीय समुद्र विज्ञान संस्थान कहाँ स्थित है ?
– गोआ में
180. श्रीरंगपट्टनम द्वीप को घेरकर प्रवाहित होने वाली नदी कौनसी है ?
– कावेरी नदी
181. शिवनाथ किसकी सहायक नदी है ?
– महानदी
182. वृक्षों से प्राप्त सेल्यूलोज से निर्मित कपड़े को क्या कहते हैं ?
– रेयॉन
183. छोटा नागपुर को औद्योगिक भारत का हृदय क्यों कहा जाता है ?
– यह क्षेत्र खनिज तथा शक्ति संसाधन से समृद्ध है
184. एक वर्ष में किसी भूमि पर क्रमिक रूप से दो या अधिक फसलों का उत्पादन क्या कहलाता है ?
– बहुफसली कृषि
185. उष्ण कटिबन्धीय लम्बी घासों वाली वनस्पति को क्या कहा जाता है ?
– सवाना
186. भारत की कौनसी नदी विन्ध्या एवं सतपुड़ा पर्वत शृंखलाओं के बीच से होकर बहती है ?
– नर्मदा नदी
187. हिमालय की किस चोटी का नाम सागरमाथा है ?
– एवरेस्ट का
188. हिमालय की कुल्लू घाटी को अन्य किस नाम से जाना जाता है ?
– देव घाटी
189. उत्तराखण्ड का प्रसिद्ध हिन्दू तीर्थ मन्दिर बद्रीनाथ किस नदी के किनारे स्थित है ?
– अलकनन्दा
190. कृष्णा डेल्टा से गोदावरी डेल्टा तक का तट क्या कहलाता है ?
– गोलकुण्डा तट
191. भारत में प्रवेश करने वाले शीतोष्ण कटिबन्धीय चक्रवातों की उत्पत्ति कहाँ होती है ?
– भूमध्य सागर
192. कौनसी मिट्टी में सूखने पर सर्वाधिक दरार आती है और वह सिकुड़ती है ?
– चिकनी मिट्टी
193. घग्घर का मैदान कहाँ स्थित है ?
– राजस्थान के गंगानगर और हनुमानगढ़ जिलों में
194. बाढ़ के मैदान का उच्च भाग जहाँ बाढ़ का जल नहीं पहुँच पाता है, क्या कहलाता है ?
– बांगर मैदान
195. जौली ब्वाय एक द्वीप है जो भारत के किस द्वीप समूह में स्थित है ?
– अण्डमान द्वीप समूह में
196. नीलगिरि के दक्षिण में स्थित कौनसा दर्रा तमिलनाडु और केरल को जोड़ता है ?
– पालघाट
197. किस नदी को दक्षिणी गंगा के नाम से भी जाना जाता है ?
– गोदावरी नदी को
198. भारतीय मानक समय और ग्रीनविच माध्य समय में कितना अन्तर रहता है ?
– 5 घण्टे 30 मिनट का
199. भूगर्भीय क्रिया के कारण बनी 'वूलर झील' भारत की सबसे बड़ी मीठे पानी की प्राकृतिक झील है. यह किस प्रदेश में स्थित है ?
– जम्मू–कश्मीर मे

RAJ STUDENTS CENTER FOR COMPETITION

200. भारत और श्रीलंका के बीच विभाजित समुद्री क्षेत्र क्या कहलाता है ?
– मन्नार की खाड़ी और पाक जलडमरूमध्यं
201. कौनसा चैनल अण्डमान द्वीप समूह को निकोबार द्वीप समूह से अलग करता है ?
– दस डिग्री चैनल
202. तुंगभद्रा और भीमा नदियाँ किसकी सहायक नदियाँ है ?
– कृष्णा नदी की
203. भवानी नदी किसकी सहायक नदी है ?
– कावेरी नदी की
204. भारत के किस राज्य में जिप्सम सर्वाधिक मात्रा में पाया जाता है ?
– राजस्थान में
205. महाराष्ट्र का नासिक शहर किस नदी के तट पर स्थित है ?
– गोदावरी नदी के तट पर
206. गंगा को बांग्लादेश में किस नाम से जाना जाता है ?
– पद्मा
207. किस नदी को बूढ़ी गंगा के नाम से जाना जाता है ?
– गोदावरी नदी को
208. भारत का छोटा नागपुर का पठार किस प्रकार का पठार है ?
– गुम्बदाकार पठार
209. कोयलकारो विद्युत परियोजना किस राज्य में स्थित है ?
– हिमाचल प्रदेश में
210. पेरियार जल विद्युत परियोजना किस राज्य में है ?
– केरल में
211. सतलज नदी पर स्थित भाखड़ा नांगल परियोजना से कितने राज्य लाभान्वित होते हैं ?
– पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेष व राजस्थान
212. भारत का कौनसा राज्य सबसे अधिक राज्यों की सीमाओं को स्पर्श करता है ?
– उत्तर प्रदेश
213. भारत की सीमाएं कितने देषों से जुड़ी है ?
– सात देशों से (पाकिस्तान, अफगानिस्तान, चीन, नेपाल, भूटान, म्यांमार व बांग्लादेश)
214. भारत में सात बहनों का राज्य किसे कहते हैं ?
– पूर्वोत्तर भारत के सात पहाड़ी राज्यों–असम, नागालैण्ड, मणिपुर, अरुणाचल प्रदेश, मेघालय, मिजोरम और त्रिपुरा को
215. लद्दाख एवं जास्कर पर्वत श्रेणियों के बीच से कौनसी नदी प्रवाहित होती है ?
– सिन्धु नदी
216. तमिलनाडु का नगर 'मदुरै' किसके लिए सबसे अधिक प्रसिद्ध है ?
– मीनाक्षी मन्दिर के लिए
217. अजंता और एलोरा की गुफाएं कहाँ है ?
– महाराष्ट्र के औरंगाबाद जिले में
218. हीराकुंड बाँध परियोजना किस नदी पर है ?
– महानदी पर
219. प्रायद्वीपीय पठार की अधिकांश नदियाँ पूर्व की ओर बहती है और बंगाल की खाड़ी में गिरती है. कौनसी नदियाँ पश्चिम की ओर प्रवाहित होकर अरब सागर में गिरती है ?
– नर्मदा और ताप्ती
220. तालाब द्वारा सर्वाधिक सिंचाई किस राज्य में की जाती है ?
– तमिलनाडु में
221. नर्मदा और ताप्ती नदियों से घिरा पर्वत कौनसा है ?
– सतपुड़ा पर्वत
222. भारत में चाय का सर्वाधिक उत्पादक राज्य है–
– असम
223. काली मिट्टी को अन्य किस नाम से जाना जाता है ?
– रेगुर मिट्टी
224. भारत में किस राज्य में मानसून का आगमन सबसे पहले होता है ?
– केरल
225. भारत की जलवायु कैसी है ?
– उष्णकटिबंधीय मानसूनी
226. काजीरंगा वन्य जीव अभयारण्य में किस पशु का संरक्षण किया जाता है ?
– गैंडा
227. मुदुमलाई वन्य जीव अभयारण्य कहाँ स्थित है ?
– केरल–कनार्टक सीमा पर
228. झुमरा किस राज्य का नृत्य है ?
– असम का
229. कजरी भारत का वर्षा ऋतु का लोक नृत्य है. इसमें क्या अनुष्ठान और किसलिए किया जाता है ?
– इसमें इन्द्र की पूजा तथा सफल फसल की कामना की जाती है
230. भारत का क्षेत्रफल कितना है ?
– 32,87,263 वर्ग किमी.
231. 'साइलेंट वैली प्रोजेक्ट' किस राज्य में है ?
– केरल में
232. हिन्द महासागर और बंगाल की खाड़ी के मिलन सागर में कौनसा दर्शनीय स्थल है ?
– रामेष्वरम्
233. ग्यारहवीं शताब्दी का प्रसिद्ध लिंगराज मन्दिर कहाँ स्थित है ?
– भुवनेश्वर (ओड़िषा) में
234. 'तमाशा' किस राज्य का प्रसिद्ध लोक नृत्य है ?
– महाराष्ट्र का
235. भारतीय बागवानी विश्वविद्यालय कहाँ है ?
– सोलन (हिमाचल प्रदेश)
236. भारत का दक्षिणतम बिन्दु कहाँ है ?
– इन्दिरा प्वाइंट (बड़ा निकोबार)
237. दिलवाड़ा जैन मन्दिर कहाँ है ?
– माउण्ट आबू (अरावली पर्वत) राजस्थान में
238. 'माल्धान' नामक जनजाति भारत के किस राज्य में पाई जाती है ?
– गुजरात में

RAJ STUDENTS CENTER FOR COMPETITION

239. 'थीन बाँध' परियोजना किस नदी पर स्थित है ?
– रावी नदी पर
240. किस नदी को बंगाल का शोक कहते हैं ?
– दामोदर नदी को
241. 'करमा' लोक नृत्य भारत के किस राज्य में प्रचलित है ?
– छत्तीसगढ़ में
242. रबी की फसल कब बोयी जाती है ?
– अक्टूबर–नवम्बर
243. खरीफ की फसल कब बोयी जाती है ?
– जून–जुलाई
244. तिरुपति मन्दिर किस राज्य में है ?
– आन्ध्र प्रदेश में
245. 'अरुविले आश्रम' कहाँ है ?
– पांडिचेरी में
246. बराकर नदी किसकी सहायक नदी है ?
– दामोदर नदी की
247. भवाई किस राज्य का लोक नृत्य है ?
– राजस्थान का
248. पंडवानी किस राज्य का लोक गीत है ?
– मध्य प्रदेश का
249. आँवला की उत्पत्ति सर्वप्रथम किस देश में हुई ?
– भारत में
250. देष का कौनसा शहर 'सन सिटी' के नाम से जाना जाता है ?
– जोधपुर
251. दचिगाम अभयारण्य भारत के किस राज्य में है ?
– जम्मू–कश्मीर में
252. मधुबनी कला से किस राज्य का सम्बन्ध है ?
– बिहार का
253. चमेरा जल विद्युत परियोजना में किस नदी का उपयोग होता है ?
– रावी नदी का
254. 'भारत का सिलिकॉन राज्य' किस राज्य को कहा जाता है ?
– कर्नाटक को
255. डिब्रूगढ़ और गुवाहाटी नगर किस नदी के तट पर बसे हैं ?
– ब्रह्मपुत्र नदी के
256. 'केली गोपाल' किस राज्य का लोक नृत्य है ?
– असम का
257. मुड़िया जनजाति भारत के किस प्रदेश में मुख्य रूप से निवास करती है ?
– मध्य प्रदेष में
258. भारत में सर्वाधिक जनसंख्या वाली जनजाति कौनसी है ?
– संथाल
259. 'भगोरिया' उत्सव किस राज्य में मनाया जाता है ?
– मध्य प्रदेश में
260. सांची स्तूप किस राज्य में स्थित है ?
– मध्य प्रदेश में
261. 'ब्लैक पैगोडा' के नाम से कौनसा मन्दिर प्रसिद्ध है ?
– कोणार्क का सूर्य मन्दिर (ओड़िशा)
262. भारत के सर्वाधिक पूर्वी भाग में कौनसा राज्य स्थित है ?
– अरुणाचल प्रदेश
263. हैदराबाद किस नदी के किनारे बसा है ?
– मूसी नदी
264. इन्द्रावती राष्ट्रीय बाघ परियोजना किस राज्य में है ?
– छत्तीसगढ़ में
265. डोडा–बेट्टा चोटी कहाँ स्थित है ?
– नीलगिरी पहाड़ियों में
266. 'भारत का पिट्सबर्ग' नाम से किस शहर को जाना जाता है ?
– जमशेदपुर को
267. अजंता की गुफाएँ किस राज्य में है ?
– महाराष्ट्र में
268. भारत का कौनसा राज्य केसर का सबसे बड़ा उत्पादक है ?
– जम्मू–कश्मीर
269. चिनार वन्य जीव विहार किस राज्य में है ?
– केरल में
270. सोन नदी किसकी सहायक नदी है ?
– गंगा नदी की
271. लासौंग उत्सव किस राज्य में मनाया जाता है ?
– सिक्किम में
272. कुचीपुड़ी किस राज्य का शास्त्रीय नृत्य है ?
– आन्ध्र प्रदेश का
273. 'औंग' जनजाति किस राज्य से सम्बन्धित है ?
– ओड़िशा में
274. यक्षगान किस राज्य का लोक नृत्य है ?
– कर्नाटक
275. रामेश्वरम् को भारत की मुख्य भूमि से कौनसा जलमार्ग अलग करता है ?
– पम्बन चैनल
276. भारत का कौनसा राज्य 'टाइगर राज्य' के रूप में जाना जाता है ?
– मध्य प्रदेश
277. पाल घाट दर्रा किन दो राज्यों को जोड़ता है ?
– केरल और तमिलनाडु को
278. इन्दिरा गांधी नहर में किन नदियों का पानी आता है ?
– सतलज और व्यास नदियों का
279. पार्वती परियोजना किस राज्य की सबसे बड़ी जल विद्युत् परियोजना है
– हिमाचल प्रदेश
280. 'रीवा' किस नदी का उपनाम है ?
– नर्मदा नदी का
281. नागार्जुन सागर बहुउद्देश्यीय परियोजना किस नदी पर है ?
– कृष्णा नदी पर
282. केदारनाथ व बद्रीनाथ किस राज्य में स्थित है ?
– उत्तराखण्ड
283. भारत की कौनसी जनजाति सरहुल त्यौहार मनाती है ?
– संथाल (बिहार में सर्वाधिक)

RAJ STUDENTS CENTER FOR COMPETITION

284. तमिलनाडु राज्य के पूरे क्षेत्र पर किस प्रकार की मिट्टी का विस्तार पाया जाता है ?
– लाल मिट्टी का

285. भारत के डायमंड हार्बर तथा साल्टलेक सिटी कहाँ स्थित है ?
– कोलकाता में

286. दादरा व नगर हवेली की राजधानी कहाँ है ?
– सिलवासा

287. नासिक किस नदी के तट पर स्थित है ?
– गोदावरी नदी

288. भारत और पाकिस्तान को विभाजित करने वाली रेखा कहलाती है ?
– रैडक्लिफ रेखा

289. जम्मू–श्रीनगर राजमार्ग पर जवाहर सुरंग किस पर्वत श्रेणी से सम्बन्धित है ?
– पीर पंजाल श्रेणी

290. कच्ची सिल्क का उत्पादन मुख्यतः किस राज्य में किया जाता है ?
– कर्नाटक में

291. भारत में सबसे बड़ी मीठे पानी की झील है–
– वूलर झील (जम्मू–कश्मीर)

292. जनगणना–2011 के अनुसार सबसे कम लिंगानुपात वाला राज्य है–
– हरियाणा (1000 पुरुषों पर 877)

293. जनगणना–2011 के अनुसार सर्वाधिक लिंगानुपात वाला राज्य है–
– केरल (1000 पुरुषों पर 1084)

294. जनगणना–2011 के अनुसार भारत का लिंगानुपात कितना है ?
– 940 (प्रति हजार पुरुषों पर 940 महिलाएँ)

295. जनगणना–2011 के अनुसार भारत की कुल जनसंख्या विश्व की कुल जनसंख्या का कितना प्रतिशत है ?
– 17.5 प्रतिशत

296. जनगणना–2011 के अनुसार सर्वाधिक जनसंख्या वाला राज्य है–
– उत्तर प्रदेश

297. जनगणना–2011 के अनुसार सबसे कम जनसंख्या वाला राज्य है–
– सिक्किम

298. जनगणना–2011 के अनुसार सर्वाधिक जनसंख्या घनत्व वाला राज्य है–
– बिहार (1102 व्यक्ति प्रति वर्ग किमी.)

299. जनगणना–2011 के अनुसार सबसे कम जनसंख्या घनत्व वाला राज्य है–
– अरुणाचल प्रदेश (17 व्यक्ति प्रति वर्ग किमी.)

300. सिक्किम राज्य की सीमा किन तीन देशों से मिलती है ?
– नेपाल, भूटान एवं चीन

–––––

RAJ STUDENTS CENTER FOR COMPETITION